## विचार बिन्दु

**अतिथि जिसका अन्न खाता है, उसके पाप धुल जाते हैं। –अथर्ववेद**

# जाति आधारित सभी आरक्षण सवर्णों, बाबासाहब अम्बेडकर और संविधान का सतत अपमान

देश में 70 वर्ष से चल रहे जातीय आधार पर शिक्षा व नौकरी में आरक्षण सवर्ण युवाओं की प्रतिभाओं को कुंठित कर हत्या करने समान है इसलिए जनता द्वारा सर्वत्र भर्तसना योग्य है। अब विवरण आगे पढ़िए ;–

स्वतंत्रता के पश्चात् 26 जनवरी 1952 को भारत गणतंत्र राज्य बना, इसी दिन देश ने अपना संबिधान लागू किया और प्रदेश में विधान सभाये गठित कर विधायकों के चुनाव कराये गए तथा संसदीय प्रणाली के लिए लोक सभा गठन और उसके सांसदों के चुनाव कराये गए। इस प्रकार लोक सभा व् विधान सभा के माध्यम से शासन पद्धति विकसित कर प्रशासन आरम्भ किया गया। संविधान की रचना करने में वैसे तो कुछ विद्वान व्यक्तिओं की समिति थी जिसके अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी थे, फिर भी ढांचागत और विषयवार कार्य डॉ. अम्बेडकर को दिया गया क्योंकि सामाजिक और राजनैतिक पक्षों पर उनकी जानकारी अन्य सदस्यों से अपेक्षा अधिक थी, इसकी मुख्य वजह थी उनका इंग्लॅण्ड में रहकर अध्ययन। बाबा साहिब देश के वंचित समुदाय से आते थे लेकिन पढ़ाई में वे एक मेधावी छात्र रहे। आर्थिक विपन्नता के रहते आगे की पढ़ाई उनके लिए एक बड़ी बाधा थी, यह बात बड़ोदा नरेश गायकवाड़ को जब पता लगी तो उन्होंने अम्बेडकर जी को इंग्लॅण्ड पढ़ने के लिए भेज दिया और सभी वित्तीय भार स्वयं वहन किया।

इस बात को मैंने यहाँ इसलिए कहा कि आज़ादी के पश्चात् यह बात सभी जगह काफी प्रचारित की गई कि संपन्न व् उच्च वर्ग हमेशा से ही निम्न व् वंचित समुदाय का शोषण और प्रताड़ित करता रहा है जो कि सच्चाई से परे है। मैं मानता हूँ कि यदा-कदा कहीं ऐसे उत्पीड़न हुए होंगे लेकिन यह कोई आम बात नहीं थी। नरेश गायकवाड़ की तरह और भी इस प्रकार के उदाहरण मिल जायेंगे।

मेरे विश्लेषण के अनुसार तत्कालीन प्रधान मंत्री अवश्य ही सवर्ण जाति से पहिले से ही पूर्वाग्रह से रुष्ट थे। उनकी भलाई के अथवा पक्ष के कोई कार्य नहीं करते, और न होने देते। कारण स्पष्ट था वे जानते थे कि ये लोग उनके सही-गलत सभी कार्यों में भागीदार नहीं बनेगे बल्कि अवसर आने पर उनकी मुखालफत भी करने से नहीं चूकेंगे। उनकी मानसिकता चीन से 1962 के युद्ध में देश की पराजय ने कुछ बदली, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और वे दो साल के अंदर ही परलोक सिधार गए। उस समय अनेक बाते उन्होंने देश को नहीं बताई। संचार माध्यमों के नगण्य विस्तार के कारण उनकी कार्यशैली जनता को अनुभव नहीं होती थी, ऐसी स्तिथि में उनकी सरकार क्या कर रही है और क्या सोच रखती है? इसका भान किसी को नहीं हुआ। संकुचित सोच का प्रधान मंत्री देश को मिला यह देश का दुर्भाग्य ही कहलायेगा।

फिर भी कुछ कार्य जैसे नदिओं पर बांध और उनसे सिचाई के लिए नेहरें तथा बांध पर हाइड्रो बिजली उत्पादन, स्टील उत्पादन व् प्रसंस्करण, अनेक कल कारखाने आदि नेहरू के विज़न का ही परिणाम है। उनकी शैली से किसी को तो अधिक प्रोत्साहन और अन्य को तिरस्कार या कुछ नहीं। ऐसी प्रवर्ति से देश की जनता में सवर्ण वर्ग उपेक्षित ही होता चला गया। नतीजन अब निर्धन व् उपेक्षित या वंचित के स्तर पर काफी कुछ मध्यम वर्ग स्पष्ट रूप से पहुंच चुका है। सरकार के पास ऐसी कोई सर्वेक्षण विधि नहीं है जो यह बता सके कि अब देश में स्पष्ट रूप से क्या दो आर्थिक वर्ग बन चुके हैं निम्न तथा धनिक? प्रति वर्ष बढ़ती गरीबों की संख्या यह बताती है कि मध्यम वर्ग से एक बड़ी संख्या प्रति वर्ष गरीव वर्ग में खिसक जाती है। मध्यम वर्ग से नीचे आकर ये गरीबों के हेतु विभिन्न योजनाओं का लाभ भी लेने लगते हैं। 70 वर्ष एक लम्बी अवधि है जहाँ अब आरक्षित समुदाय की चौथी पीढ़ी आरक्षण का लाभ ले रही है।

26 जनवरी 1952 को भारत गणतंत्र राज्य बना, इसी दिन देश ने अपना संबिधान लागू किया और प्रदेश में विधान सभाये गठित कर विधायकों के चुनाव कराये गए तथा देश के स्तर पर संसदीय प्रणाली के लिए लोक सभा गठन और उसके सांसदों के चुनाव कराये गए। इस प्रकार लोक सभा व् विधान सभा के माध्यम से शासन पद्धति विकसित कर प्रशासन आरम्भ किया गया।

संविधान की रचना करने में वैसे तो कुछ विद्वान व्यक्तिओं की एक समिति थी जिसके अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी थे। फिर भी ढांचागत और विषयवार कार्य डॉ. अम्बेडकर को दिया गया क्योंकि सामाजिक और राजनैतिक पक्षों पर उनकी जानकारी और पकड़ अन्य सदस्यों से अपेक्षा अधिक थी इसकी मुख्य वजह थी उनका इंग्लॅण्ड में रहकर अध्ययन। बाबा साहिब देश के वंचित समुदाय से आते थे लेकिन पढ़ाई में वे एक मेधावी छात्र रहे आर्थिक विपन्नता के रहते आगे की पढ़ाई उनके लिए एक बड़ी बाधा थी। यह बात बड़ोदा नरेश गायकवाड़ को जब पता लगी तो उन्होंने अम्बेडकर जी को इंग्लॅण्ड पढ़ने के लिए भेज दिया और सभी वित्तीय भार वहन किया।

इस बात को मैंने यहाँ इसलिए कहा कि आज़ादी के पश्चात् यह बात सभी जगह काफी प्रचारित की गई कि संपन्न व् उच्च वर्ग हमेशा से ही निम्न व् वंचित समुदाय का शोषण और प्रताड़ित करता रहा है जो कि सच्चाई से परे है। मैं मानता हूँ कि यदा-कदा कही ऐसे उत्पीडन हुए होंगे लेकिन यह कोई आम बात नहीं थी। मेरे विश्लेषण के अनुसार तत्कालीन प्रधान मंत्री अवश्य ही सवर्ण जाति से पूर्वाग्रह से पीडित थे तथा सवर्ण जातिओं से काफी द्वेष रखते थे।

उनकी मानसिकता चीन से 1962 के युद्ध में देश की पराजय ने कुछ बदली, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और वे दो साल के अंदर ही परलोक सिधार गए। अपने कार्य काल में अनेक बाते उन्होंने देश को नहीं बताई। चूंकि संचार माध्यमों का तब विस्तार भी नगण्य था अन्यथा सरकार की कोई योजना कभी छिपती नहीं। ऐसी स्तिथि में उनकी सरकार क्या कर रही है और क्या सोच रखती है? इसका भान किसी को नहीं हुआ। परन्तु संकुचित सोच का पहला प्रधान मंत्री देश को मिला यह देश का दुर्भाग्य ही कहलायेगा।

**सवर्ण जातिओं ने अपने लिए कहीं अन्य जगह जाकर शिक्षा और जीवकोपार्जन उचित समझा। फलस्वरूप गावों से ऐसी युवा पीढ़ी देश के बड़े शहरों और विदेशों में उन्नति की संभावनाएं तलाशने और जीवकोपार्जन हेतु धीरे-धीरे अपने मूल स्थान से पलायन करने लगी जो क्रम अभी भी जारी है।**

फिर भी कुछ कार्य जैसे नदिओं पर बांध और उनसे सिचाई के लिए नहरें तथा बांध पर हाइड्रो बिजली उत्पादन, स्टील उत्पादन व् प्रसंस्करण, अनेक कल कारखाने आदि नेहरू के विज़न का ही परिणाम है। परन्तु उनकी किसी को तो अधिक प्रोत्साहन और अन्य को तिरस्कार या कुछ नहीं ऐसी प्रवर्ति से जनता में सवर्ण वर्ग उपेक्षित ही होता चला गया। वर्तमान सरकार की प्रवर्ति भी शासन में नौ वर्ष रहते पुराने ढर्रे के सामान ही प्रतीत हो रही है।

ऐसे में भविष्य में कुछ समय पश्चात् नए बने धनिक वर्ग से आरक्षण हटा कर निम्न वर्ग को देना ही पड़ेगा क्योंकि विगत समय का सवर्ण अब गरीब वर्ग में आ चुका है। प्रति वर्ष बढ़ती गरीबों की संख्या यह बताती है कि मध्यम वर्ग से एक बड़ी संख्या गरीब वर्ग में खिसक जाती है। मध्यम वर्ग इसलिए सिकुड़ता जा रहा है। वहीं गरीबों के हेतु बनी विभिन्न योजनाओं का लाभ अब नए गरीबों को मिलने लगा है अथवा मिलने वाला है।

भारत में लोकसभा आदि की कार्यवाही संबिधान की दुहाई और सपथ से आरम्भ होती है। देश में इस समय 776 सांसद, दोनों सदनों को मिलाकर हैं, इनके अतिरिक्त 4120 विधायक और 462 एॅम.एल.सी. हैं। परिसीमन के आधार पर गठित चुनाव क्षेत्रों से ये जनप्रतिनिधि जनता चुन कर 5 वर्ष की अवधि के लिए लोकसभा और विधान सभाओं में भेजती है। इन सभाओं की कार्यवाही एक वर्ष में तीन बार कुछ निर्धारित दिनों के लिए चलती है जिनमे विधायी मसले निपटाए जाते हैं।

दोनों ही सदनों में बहुधा आधे से कम ही सदस्य उपस्तिथ रहते हैं। इतनी कम सदस्य संख्या से ही महत्वपूर्ण निर्णय कर लिए जाते हैं। वही कतिपय सदस्य ही संवाद में संलग्न होते हैं और अन्य चुप बैठे कार्यवाही देखते रहते हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि सपथ संविधान की और अनर्गल बातो से सदन का समय नष्ट सदन में आम दृश्य होता है देश हित का न तो कोई प्रस्ताव और न ही संवाद से कोई अच्छा योगदान। बल्कि सरकार विरोधी वक्तव्य देकर रचनात्मक सुझाव तो अनेकों के दिमाग में आते ही नहीं। आश्चर्य होता है कि आरक्षित वर्ग से आने वाले प्रतिनिधि भी बहुत कम विधायी कार्यों एवं सम्बाद में भाग लेते हैं। अपने क्षेत्र के विकास वास्ते भी उनके प्रस्ताव कम ही होते हैं।

मूल संबिधान में डॉ अम्बेडकर जी ने देश की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनैतिक असमानता को दृष्टि में रख कर कुछ आरक्षण के प्रावधान किये जो केवल दस वर्ष के लिये मान्य थे। उनका मानना था कि इस अवधि में निम्न और वंचित वर्ग शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से संतोषजनक सीमा तक उठ जायेगा, इसलिए उन्होंने प्रारम्भिक अवस्था में आरक्षण की अवधि बढ़ाने की भी कोई अनुसंशा संविधान अथवा उसके उपरांत नहीं की। यह आरक्षण अनुसूचित व् अनुसूचित जनजाति के समुदाय के लिए ही प्रस्तावित था जो लगभग 28 से 30 वर्षों से अनवरत अभी तक चल रहा है।

वर्ष 1990 के आसपास मंडल आयोग की रिपोर्ट के आधार पर देश भर में उठा आंदोलन हुए जिसमे अनेक युवाओं की मृत्यु हो गई। तत्पश्चात अन्य पिछडा वर्ग के नाम से 28 प्रतिशत आरक्षण अतिरिक्त लागू कर दिया बिना किसी आर्थिक सर्वे के। यह आरक्षण भी जाति आधारित ही हुआ। दुर्भाग्य से आर्थिक सम्पन्नता या विपन्नता का कोई भी मापदंड नहीं रखा गया। अभी भी कई जातियां आरक्षण के लिए आवाज उठा रही हैं। वहीं आरक्षित वर्ग और अधिक प्रतिशत बढ वाने की मांग कर रहा है। अत: आरक्षण पूर्व में साधारण खुजली होते हुए अब कोढ़ में बदल गया है।

आरक्षण के आरंभिक वर्षों में भारतीय समाज में जातीय विद्वेष बहुत बढ़ गया था। बाद में समय के साथ लोगों ने आपस मे मेलजोल तो बहाल कर लिया लेकिन मन से एक न हो सके। असंतोष तो मंडल आयोग लागू होने व् पिछड़ी जातिओं को 28 प्रतिशत आरक्षण से अधिक बढ़ा। सवर्ण जातिओं ने अपने लिए कही अन्य जगह जाकर शिक्षा और जीवकोपार्जन के लिए उचित समझा। फलस्वरूप गावों से ऐसी युवा पीढ़ी देश के बड़े शहरों और विदेशों में उन्नति की संभावनाएं तलाशने और जीवकोपार्जन हेतु धीरे-धीरे अपने मूल स्थान से पलायन करने लगी जो क्रम अभी भी जारी है।

वर्ष 1990 के लगभग सभी प्रकार की शिक्षा में विष्फोटक वृद्धि देश और विदेशों में हुई। लेकिन भारत में कम ही मेधावी सवर्ण युवा अपनी योग्यता और पसंद का कोई संसथान पा सके और न ही इक्षित विषय। समाज में अन्यों से पिछडने के भय से उन्होंने विदेशों यथा अमेरिका, कनाडा, यूके, जर्मनी, फ्रांस, चीन, जापान, ऑस्ट्रेलिया अदि जगहों पर शिक्षा तथा तदुपरांत वही कहीं नौकरी, व्यवसाय आदि में वातावरण उपयुक्त जानकर जीवकोपार्जन कर रहना शुरू कर दिया। देश से युवाओं की बड़ी-बड़ी पलटने विदेशो को जाने लगी। यह निश्चित है कि अधिकांश ऐसे युवा स्वदेश नहीं लौटेंगे और भारत उनकी प्रतिभाओं व् विशेषताओं का लाभ नहीं ले पायेगा।

यूक्रेन, पोलैंड, रूस, जर्मनी, स्विट्ज़रलैंड, और ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा संस्थान देसी छात्रों को अपेक्षाकृत अधिक अनुकूल व् उपयुक्त प्रतीत हुए। यही नहीं दुश्मन देश चीन ने भी भारत के छात्रों को अपने देश में पढ़ाई के लिए आकर्षित किया और सुविधाएँ भी दी। भारत सरकार कभी भी यह प्रकाशित नहीं करती कि देश के कितने छात्र किन-किन देशों में और किस विषय की पढ़ाई के लिए जाते हैं। रूस यूक्रेन के युद्ध के समय जब भारतीय छात्रों को वहां से निकलना पड़ा और देश के दो मंत्रिओं को वहां भेजा गया ताकि भारत के छात्र वहां से सकुशल निकल स्वदेश लौट सके। देश सांस रोके इस निकासी को निहारता रहा इस उम्मीद में कि उनका लाडला कब लौट रहा है? अंततोगत्वा कुछ दुर्घटनाओं को छोड सभी वापिस लौट आये। यह दृष्टांत लिखना इसलिए आवश्यक हुआ कि देश की जनता जानें कि हज़ारों-लाखों की संख्या में देश के छात्र विदेशों में पढ़ने को क्यों मजबूर हैं? उस पर सरकार ऐसी स्तिथियाँ छुपाती क्यों है?

क्या सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं कि युवाओं की आवश्यकतानुसार उच्च शिक्षा का प्रबंध देश में ही करे? युवाओं के माता-पिता सरकार को टैक्स क्यों देते हैं? अनेक लोगों ने अपनी खेती, मकान, आभूषण आदि गिरबी रख या अनुबंध पर अथवा बेच कर अपने लाडलों की पढ़ाये यूक्रेन जैसे देशों में करानें अपनी यथा शक्ति दाव पर लगा दी? जब यूक्रेन से ही हज़ारों छात्र निकाले गए तब यह आभास हुआ कि अन्य देशों में भी भारतीय छात्र लाखों में होंगे?

मेरी देश के सभी युवाओ विशेष रूप से सवर्ण युवाओं को सलाह है कि वे जागरूक हों इस समस्या के प्रति और अन्यों को भी सतत जागरूक करते रहें। भारत उनका भी उतना ही है जितना अन्य वंचित गरीबों का और नेताओं का। कहावत है बिना रोये माँ भी बालक को दूध नहीं पिलाती। आश्चर्य की बात है कि यूक्रेन से छात्रों को निकालने के उपरांत देश के किसी सदन में ये मसला नहीं उठा कि युवा छात्रों को शिक्षा के लिए वहां इतनी बड़ी संख्या में क्यों जाना पड़ा? बेहद शर्मनाक। उच्च शिक्षा के अवसर अभी भी आम युवा की पहुंच से दूर है। जन प्रतिनिधिओं की ऊपर की मंज़िल क्या किराये के लिए सदैव खली रहती है?

अत: जागिये और इसी देश में संघर्ष कर अपना स्थान बनाइये यूक्रेन व् अन्य देशों में शिक्षा के लिए जाने की जरूरत नहीं है। आपकी ही सामूहिक शक्ति के कारण बाबू श्री जयप्रकाश नारायण जी ने तत्कालीन सरकार का ऐसा सूपड़ा साफ किया था कि जनता वर्ष 1977 भूलती नहीं उपेक्षित युवा 1977 का डंका हमेशा बजाते रहें। ताकि जिनको आपने चुनकर भेजा है उन पर वोट की तलवार हमेशा लटकती रहे। और आपका हक़ देश में ही आपको मिले। और सरकार ये सुबिधा आपको देश में ही सुलभ करने मज़बूर हो।

**–अतिथि सम्पादक,**
**प्रो.डॉ. वीर बहादुर सिंह,**
**( पूर्व कुलपति एवं डेयरीविज्ञ महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि.वि., उदयपुर )**

# दाम्पत्य जीवन की पवित्रता का पर्व करवा चौथ

सनातन धर्मी महिलाएं कार्तिक कृष्णा चतुर्थी को दाम्पत्य जीवन की पवित्रता का पर्व, करवा चौथ अपने जीवन साथी के दीर्घायु, स्वस्थ और खुशहाल रहने के लिये व्रत रखकर शाम को चन्द्रमा के दर्शन कर उनको अर्क दे कर छलनी से अपने पति को देख कर अपने पति के हाथों से जल पीकर अपना व्रत खोलती हैं । करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भारत के जम्मू , हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश और राजस्थान में मनाया जाने वाला पर्व है। यह पर्व सौभाग्यवती (सुहागिन) स्त्रियाँ मनाती हैं। यह व्रत सवेरे सूर्योदय से पहले लगभग 4 बजे से आरंभ होकर रात में चंद्रमा दर्शन के उपरांत संपूर्ण होता है। पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की अर्चना की जाती है। संस्कृत में इसको करक चतुर्थी तेलुगु में अटल तद्दी कहा जाता हे ।

यह व्रत 12 वर्ष तक अथवा 16 वर्ष तक लगातार प्रति वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन (उपसंहार) किया जाता है। इस व्रत के समान सौभाग्यदायक व्रत अन्य कोई दूसरा नहीं है।

भारत देश में वैसे तो चौथ माता जी के कई मंदिर स्थित है, लेकिन सबसे प्राचीन एवं सबसे अधिक ख्याति प्राप्त मंदिर राजस्थान राज्य के सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा गांव में स्थित है। चौथ माता के नाम पर इस गांव का नाम बरवाड़ा से चौथ का बरवाड़ा पड गया। चौथ माता मंदिर की स्थापना महाराजा भीम सिंह चौहान ने की थी।

करवा चौथ के व्रत संबंध में पौराणिक एवं लोक कथाएं हैं कहा जाता है कि शंकरजी ने माता पार्वती को करवा चौथ के व्रत का महत्व बताया था। इसके अलावा द्रौपदी ने अर्जुन के लिए यह व्रत रखा था। तभी से पत्नियां अपने पति की सलामती के लिए यह उपवास रखती हैं। पौराणिक कथानुसार एक साहूकार के सात लड़के और एक लड़की थी। एक बार कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को सेठानी सहित उसकी सातों बहुएं और उसकी बेटी ने भी करवा चौथ का व्रत रखा। रात्रि के समय जब साहूकार के सभी लडके भोजन करने बैठे तो उन्होंने अपनी बहन से भी भोजन कर लेने को कहा। इस पर बहन ने कहा– भाई, अभी चांद नहीं निकला है। चांद के निकलने पर उसे अर्घ्य देकर ही मैं आज भोजन करूंगी।

**■ क्या यह ठीक नहीं होगा कि पुरुष अपनी पत्नी के स्वस्थ और दीर्घ जीवन के लिये करवा चौथ का व्रत रख कर उसके संकल्पों को पूरा करवाने में सहयोग करें**

साहूकार के बेटे अपनी बहन से बहुत प्रेम करते थे, उन्हें अपनी बहन का भूख से व्याकुल चेहरा देख बेहद दुख हुआ। साहूकार के बेटे नगर के बाहर चले गए और वहां एक पेड़ पर चढ़ कर अग्नि जला दी। घर वापस आकर उन्होंने अपनी बहन से कहा– देखो बहन, चांद निकल आया है। अब तुम उन्हें अर्घ्य देकर भोजन ग्रहण करो। साहूकार की बेटी ने अपनी भाभियों से कहा– देखो, चांद निकल आया है, तुम लोग भी अर्घ्य देकर भोजन कर लो। ननद की



डा. जे.के. गर्ग

बात सुनकर भाभियों ने कहा– बहन अभी चांद नहीं निकला है, तुम्हारे भाई धोखे से अग्नि जलाकर उसके प्रकाश को चांद के रूप में तुम्हें दिखा रहे हैं। साहूकार की बेटी अपनी भाभियों की बात को अनसुनी करते हुए भाइयों द्वारा दिखाए गए चांद को अर्घ्य देकर भोजन कर लिया। इस प्रकार करवा चौथ का व्रत भंग करने के कारण चौथ माता साहूकार की लडकी पर क्रोधित हो गई। चौथ माता की अप्रसन्नता के कारण उस लड़की का पति उसके सुसराल में बीमार पड गया और सुसराल वालों के घर में बचा हुआ सारा धन उसकी बीमारी में खर्च हो गया। साहूकार की बेटी को जब अपने किए हुए दोषों का पता लगा तो उसे बहुत पश्चाताप हुआ। उसने गणेश जी से क्षमा प्रार्थना की और फिर से विधि-विधान पूर्वक चतुर्थी का व्रत शुरू कर दिया। उसने उपस्थित सभी लोगों का श्रद्धानुसार आदर किया और तदुपरांत उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया।

इस प्रकार उस लड़की के श्रद्धा-भक्ति को देखकर चौथ माता प्रसन्न हो गई और उसके पति को जीवनदान प्रदान किया। उसे सभी प्रकार के रोगों से मुक्त करके धन, संपत्ति और वैभव से युक्त कर दिया। पूजा करते समय और कथा सुनते समय दो करवे रखने होते हैं, एक करवे में महिलाएं अर्घ्य देती हैं यानी जिसे उनकी सास ने दिया होता है और दूसरा वो जिसमें पानी भरकर बायना देते समय उसकी सास को देती हैं। करवा में रक्षा सूत्र बांधकर, हल्दी और आटे के सम्मिश्रण से एक स्वस्तिक बनाया जाता है। एक करवे को शुद्ध जल से और दूसरे करवे को से दूध भरते हैं और उसमें तांबे या चांदी का सिक्का डाल देते हैं। जब बहू व्रत शुरू करती है, तो सास उसे करवा देती है, उसी तरह बहू भी सास को करवा देती है। साधारण तय मिट्टी के करवा का उपयोग किया है किन्तु कई जगह स्टील के लोटे का प्रयोग भी किया जाता है।

सरगी--सरगी आम तौर पर पंजाबी समुदाय के लोगों में ज्यादा प्रचलित होती है, लेकिन दूसरे समुदाय के लोग भी इसका प्रयोग करते हैं। सरगी का मतलब है कि सास की ओर से बहू को करवा चौथ पर दी जाने वाली एक तरह की भेंट। यह भोजन की एक ऐसी थाली होती हैं जिसमें कुछ खास चीजें होती हैं जिसे खाने से भूख और प्यास कम लगती है और दिन भर ऊर्जा बनी रहती।। इन्हें खाने के बाद महिलाएं दिन भर निर्जला उपवास रखती है।

इसमें सूखे मेवे और फल होते हैं। साथ ही मिठाई होती है। अगर सास सरगी नहीं दे सकती तो बहू को पैसे भिजवा सकती है। सरगी में खाने के सामान के अलावा कपडे, सुहाग की चीज, फेनिया, नारियल आदि रखे होते हैं। यह व्रत 13 अक्टूबर, 2022 को है। प्रकृति का नियम हैं कि समय परिवर्तनशील है समय के साथ आदमी की सोच भी बदलती है । आज हमारा संविधान सभी को समान अधिकार प्रदान प्रदान करता है चाहे वो पुरुष हो या स्त्री इसी प्रकार सभी के कर्तव्य भी समान होते हैं । नर और नारी जीवन रुपया रथ के दो पहिये हैं स्वस्थ सुखी दाम्पत्य जीवन के लिये दोनों को स्वस्थ और कुशल होना जरूरी ऐ । क्या यह अधिक अच्छा नहीं होगा अगर पति भी इस पर्व पर अपनी पत्नी के सम्मान खुशाली और उसके स्वस्थ दीर्घ जीवन के लिए प्रार्थना करते हुए उसका हर काम में सहयोग करने की भावना को मूर्त रूप दें इसके लिये पुरुष अपनी पत्नी के स्वस्थ और दीर्घ जीवन के लिये करवा चौथ का व्रत रख कर उसको अपनी मर्जी से उसके द्वारा निर्धारित संकल्पों को पूरा करवाने में तन मन धन से उसकी सहायता और सहयोग करने का संकल्प लें।

**डा. जे.के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कालेज शिक्षा जयपुर**

# डॉ. दशरथ सिंह शेखावत 500 से अधिक बार हुए सम्मानित

**खिरोड़,** (निसं)। भारतीय सेना का जांबाज सैनिक, शिक्षा में विश्व रिकॉर्ड विजेता, भारत के शिक्षा रत्न सैनिक व राजस्थान के प्रमुख समाजसेवी प्रो. डॉ. दशरथ सिंह खिरोड़ ने देश विदेश में विभिन्न स्थानों, समाजों, समूहों, संस्थाओं तथा लोगों द्वारा अपनी व्यक्तिगत उपलब्धियों के आधार पर 500 से अधिक बार सम्मानित एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने में सफलता प्राप्त की है।

प्रो. खिरोड की यह महान उपलब्धि हार्वर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड में हाल ही में दर्ज हुई है। इससे पूर्व भी इन्होंने 7 विश्व रिकॉर्ड बना कर भारतीय सेना एवं देश का नाम रोशन किया है।

**■ सर्वाधिक बार सम्मानित होने वाली उपलब्धि हावर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुई**

**■ 82 महत्वपूर्ण शैक्षिणक डिग्रियां प्राप्त कर चुके है प्रो. दशरथ सिंह**

प्रो. खिरोड दुनिया के सर्वाधिक शिक्षित व्यक्ति का खिताब अपने नाम कर चुके हैं। अब तक कुल 82 महत्वपूर्ण शैक्षणिक डिग्रियां प्राप्त कर चुके हैं। प्रो. दाशरथ सिंह खिरोड भारतीय सेना के वरिष्ठ सलाहकार हैं। प्रो. दशरथ सिंह झुंझुनूं जिले की नवलगढ़ तहसील के गांव खिरोड के रहने वाले हैं । इनके दादा बाघ सिंह शेखावत एवं पिता रघुवीर सिंह शेखावत भी जांबाज सैनिक और उत्कृष्ट समाजसेवी रहे हैं।

दशरथ सिंह शेखावत अपने घर से रवाना होकर करीब 12 किमी पैदल चलकर नवलगढ़ पहुंचकर और सब्जी मंडी में सब्जी बेचकर अपना काम चलाते हुए उच्च शिक्षा ग्रहण की। और पढ़ते पढ़ते ही सेना में भर्ती होकर देश के जांबाज सैनिक के रूप में भी कार्य किया है। सेना से सेवानिवृत्त होकर समाज सेवा जैसे कार्य भी किए और अब भी सेना में लीगल एडवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। इधर खिरोड कस्बे वासियों ने डॉ. शेखावत की इन उपलब्धियों पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की है।



डॉ. दशरथ सिंह शेखावत

# वैदिक साहित्य में हैं विज्ञान और प्रौद्योगिकी के स्वयंसिद्ध सूत्र : राज्यपाल

**बांसवाड़ा,** (निसं)। वेद, वैदिक साहित्य और संस्कृत वांग्मय अपने आप में अनूठा और अपूर्व है। आज हम जिस विज्ञान और प्रौद्योगिकी और विज्ञानमय-तकनीक मय विश्व एवं विकास की बात करते हैं उन सबके प्राचीनतम सूत्र एवं विज्ञान हमारे वेदों और वांग्मय में सदियों पूर्व से ही विद्यमान है। उक्त उद्गार राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के वेद विद्यापीठ विस्तारीकरण और वैदिक गुरुकुल परिसर के शिलान्यास अवसर पर व्यक्त किए।

**■ वेद विज्ञान विस्तारीकरण व वैदिक गुरुकुल परिसर का शिलान्यास**

**■ 'संस्कृत के ज्ञान से हमारी संस्कृति और सनातन जीवन पद्धति को जी सकेंगे**



हवन-यज्ञ में आहुतियां देते राज्यपाल कलराज मिश्र।

उन्होंने कहा कि आज का चाहे अन्तरिक्ष, खगोल, भौतिक विज्ञान और विज्ञान की जितनी भी शाखाएं हों, उन सबका पूर्ण विकास और परिपाक वेदों में मिलता है। हमारे वेद आप्त हैं, इनमें दर्शित ज्ञान और वैचारिकी आज भी स्वयं सिद्ध हैं। यह सब ज्ञान-विज्ञान के सबसे बडे खजाने हैं आज इन खजानों का भलीभांति से अधिकाधिक उपयोग और विज्ञान, आविष्कार और अनुसन्धान में करने की महती आवश्यकता है।

इस यात्रा में संस्कृत भाषा का समुचित अध्ययन सबसे अधिक सहायक सिद्ध हो सकता है। संस्कृत से न केवल हमारी संस्कृति और सनातन जीवन पद्धति को जी सकेंगे अपितु इससे ज्ञान और विज्ञान के सबसे बडे खजाने से पूरा विश्व लाभान्वित हो सकता है।

राज्यपाल ने इस बात पर बल दिया कि इस महते उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वेद विद्यापीठ न केवल उच्च शिक्षा और शोध के नए क्षितिज उपलब्ध कराएंगे अपितु वैदिक गुरुकुल संस्कार परिमार्जन के साथ इस उद्देश्य के सबसे मजबूत आधारशिला तैयार करेंगे।

वेद विद्यापीठ निदेशक डॉ महेंद्र प्रसाद ने बताया कि वेद विद्यापीठ विस्तारीकरण और वैदिक गुरुकुल परिसर निर्माण के लिए शिलान्यास कार्यक्रम पूर्णत: वैदिक मंत्रोच्चार विधि से हुआ।

पंडित कीर्तिश भट्ट के मुख्य आचार्यत्व में वेद विद्यापीठ से जुड़े कर्मकांडी पंडितों ने संयुक्त रूप से किया। राज्यपाल ने मुख्य यज्ञमान रूप में कार्य को संपन्न किया।

## राशिफल गुरूवार 13 अक्टूबर, 2022



पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, चतुरथी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2079, कृत्तिका नक्षत्र सांय 6:41 तक, सिद्धि योग दिन 1:59 तक, बव करण दिन 2:30 तक, चन्द्रमा वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-वृष, मंगल-वृष, बुध-कन्या, गुरू-मीन, शुक्र-कन्या, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज यमघट योग सूर्योदय से सांय 6:41 तक है। आज करवाचौथ व्रत है। चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 8:21 पर होगा। आज दशरथ चतुरथी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:55 तक, चर 10:47 से 12:13 तक, लाभ-अमृत 12:13 से सांय 3:05 तक, शुभ 4:31 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:29, सूर्यास्त 5:57



**मेष**

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।



**वृष**

मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। आवश्यक कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



**मिथुन**

आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि का भय बना रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।



**कर्क**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों से धन लाभ होगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।



**सिंह**

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।



**कन्या**

नवीन कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



**तुला**

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अड़चनें अभी यथावत बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। परिवार में सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



**वृश्चिक**

परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**धनु**

अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



**मकर**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**कुंभ**

घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

## महादेव की भाजपाईयों ने की पूजा

**गंगापुर सिटी** । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थित ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर में महाकाल लोक के शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर महाकाल की शरण में पहुंचकर विशेष पूजा अर्चना की गई इसी संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के समस्त पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं द्वारा नहर रोड स्थित शिवम मैरिज गार्डन में महादेव के स्थान पर भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना आचार्य भगवान शर्मा के सानिध्य में मंत्रोचार के साथ की गयी। भाजपा शहर मंडल प्रवक्ता धनेश शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर नगरपरिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री संपूर्ण देश में समय-समय पर धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष प्रोजेक्ट्स को नया व भव्य रूप प्रदान कर देश को समर्पित करके संपन्न बनाने का कार्य कर रहे हैं। भाजपा शहर मंडल प्रवक्ता शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर शहर मण्डल महामंत्री एवं कार्यक्रम मण्डल संयोजक मिथलेश व्यास, गोपाल धामोनीया, राहुल गुप्ता, मनीष सिराधना, जीतू गुर्जर सहित सैकडों भाजपाई उपस्थित रहे।

# ईआरसीपी को राष्ट्रीय योजना घोषित कराने की मुहिम में युवा और छात्र भी रहेंगे अग्रणी

**हिण्डौन सिटी** । पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना ने छात्रसंघ के अध्यक्ष संजय गुर्जर के समर्थकों की ओर से निकाली गई रैली में मुख्य अतिथि के रूप भाग लिया। इस दौरान भामाशाह मीना का जिले में कई स्थानों पर शानदार तरीके से विभिन्न संगठनों एवं छात्र नेताओं ने सम्मान किया।

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष हरिओम आजाद ने बताया कि दौसा के छात्रसंघ अध्यक्ष संजय गुर्जर ने अपने निर्वाचन के बाद मंगलवार को रैली निकाली। इस रैली में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। भामाशाह मीना ने सिकंदरा के बांदीकुई रोड स्थित गुर्जर चौराहे पर राजेश पायलट की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित की और नमन किया। इस दौरान किसान संघर्ष समिति के



भामाशाह रामनिवास मीना ( दाएं से पहले ) का स्वागत किया।

युवाओं ने भामाशाह रामनिवास मीना का 21 किलो फूलों की माला एवं 21 मीटर लंबा साफा पहनाकर शानदार तरीके से सम्मान किया। बाद में बांदीकुई एवं अन्य स्थानों पर भी भामाशाह मीना का विभिन्न संगठनों एवं छात्र नेताओं ने सम्मान किया। किसान नेता रामनिवास मीना ने कहा कि दौसा कॉलेज में

■ **भामाशाह रामनिवास मीना का 21 किलो फूलों की माला एवं 21 मीटर लंबा साफा पहनाकर सम्मान किया।**

विद्यार्थियों की समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार एवं कॉलेज प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने युवाओं और विद्यार्थियों से ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए आंदोलन से जुडने का आव्हान किया। इस पर युवाओं और छात्रों ने कहा कि वे विद्यार्थी अथवा अन्य क्षेत्रों में कार्यरत रहने के साथ किसान भी हैं। इस कारण किसान की पीडा को अच्छी तरह जानते हैं। कहा गया कि अब ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए युवा वर्ग भी किसान नेता रामनिवास मीना के नेतृत्व में आगे आकर किसानों के हित में लडाई लडने में पीछे नहीं रहेगा।

## राशन डीलरों पर अनियमितता का आरोप

**महुवा** । बालाहेड़ी कस्बे में राशन डीलर द्वारा गेहूं वितरण मिकी जा रही धांधली को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया । इस दौरान राशन डीलर अपनी दुकानें बंद कर वहां से बहाना बना कर भाग गए। ग्रामीणों ने बताया कि डीलरों द्वारा एक व्यक्ति को निशुल्क दिए जाने वाला 5 किलो गेहूं उनके द्वारा नहीं दिया जा रहा था। जबकि उनके द्वारा केवल एक व्यक्ति पर 5 किलो गेहूं ही दिया जा रहा था।

जिसके पैसे उनसे लिए जा रहे थे। ग्रामीणों द्वारा जब इसका विरोध किया गया तो डीलर द्वारा संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं दिया गया और उनके द्वारा जब उच्च अधिकारियों को इसकी शिकायत मोबाइल फोन पर दी गई तो इस दौरान डीलर अपनी दुकानें बंद कर वहां से भाग निकले। सरकार से निशुल्क मिलने वाले राशन का वितरण नही किया जा रहा है जब ग्रामीणों ने निशुल्क मिलने वाले गेंहू की मांग की तो राशन डीलर दुकान बंद कर चला गया।

प्रवर्तन निरीक्षक विजयलक्ष्मी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचकर जांच की गई है जहां दो राशन डीलर की दुकान बंद पाई गई हैं।

## सार-समाचार

### विजय राजे सिंधिया की जयंती मनाई

**महुवा** । सरकारी अस्पताल के मुख्य द्वार पर लगी विजय राजे सिंधिया की प्रतिमा पर दर्जनों बीजेपी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती मनाई । इस अवसर पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा पार्टी की संस्थापक सदस्य विजय राजे सिंधिया के पद चिन्हों पर चलकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला कार्यसमिति सदस्य भाजपा राधा कृष्ण भारद्वाज, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश पाटोली, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुभाष बालाहेडी, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश सैनी, पवन अधाना, हरिमोहन समलेटी जिला महामंत्री वसुंधरा समर्थक मंच, झंडू बिराना, नरेश खोहरी, गोलू नावरिया, मोसीन कुरेशी, पिंटू सैन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### स्वयंसेवकों का चयन

**भरतपुर** (निस)। एमएसजे राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस के अन्तर्गत संभाग स्तरीय प्रीआरडी परेड के लिए स्वंयसेवकों का चयन किया गया तथा एनएसएस एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. परमजीत सिंह की अध्यक्षता में चयन प्रक्रिया मुख्य अतिथि श्रवण कटारिया तथा राज्य एनएसएस प्रतिनिधी एवं जिला समन्वयक एनएसएस डॉ. जीतेन्द्र सिंह तथा धौलपुर जिला एनएसएस समन्वयक डॉ. देवेन्द्र परमार के द्वारा सम्पादित की गई। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पुजारी ठाकुर सिंह, जितेन्द्र कुमार रैंकवार, अभयवीर सिंह एवं देशमुख सिंह द्वारा किया गया।

### फरियादी को राहत देने के निर्देश

**भरतपुर** (निस)। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने संवेदनषीलता एवं सहृदयता का परिचय देते हुये मोरोली कलां निवासी जवाहर सिंह अपनी परिवेदना लेकर जिला कलेक्ट्रेट पहुँचने पर उन्होंने अपनी व्यथा जिला कलक्टर के समक्ष रखी तो उन्होंने तत्काल जवाहर सिंह को साथ लेकर मोरोली गॉव स्थित निवास पर मौका मुआयना करने पहुँचे।

## मंत्री जाटव का सम्मान

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में दौरे पर आए पीडब्ल्यूडी मंत्री भजन लाल जाटव का उनके समर्थकों ने सर्किट हाउस पहुंचने पर भव्य स्वागत सत्कार किया। पीडब्ल्यूडी मंत्री भजन लाल जाटव का आज के दिन जन्म दिन भी था। जिस पर उनके समर्थक सर्किट हाउस पर केक लेकर पहुचे। मंत्री भजन लाल जाटव ने इस मौके पर केक काटकर अपने समर्थकों को खिलाया। सर्किट हाउस पहुंचे जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने भी मंत्री के जन्म दिन के अवसर पर उन्हें बुके देकर स्वागत किया। वहीं राजस्थान षिक्षक संघ, महापौर अभिजीत कुमार जाटव ने भी बुके देकर एवं साफा पहना कर मंत्री भजन लाल जाटव का स्वागत किया। उनके समर्थकों ने चांदी का मुकुट पहना कर एवं स्मृति चिन्ह देकर उनको जन्म दिन की षुभकामनाए दी। इस मौके पर पर मंत्री भजन लाल जाटव ने कहा कि जिले में हाल ही में हुई अतिवृश्टि से किसानों को हुए नुकसान के चलते उन्होंने अपना जन्म दिन मनाने के सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिये है। किसानों को हुए नुकसान को लेकर वैर में बैठक का आयोजन कर किसानों को हुए नुकसान को लेकर गंभीरता से चर्चा की है।

# 'मनरेगा में लापरवाही करने पर होगी कार्रवाई'

**धौलपुर**। जिला कलक्टर अनिल कुमार अठावाल ने पंचायत समिति धौलपुर की ठाम पंचायतों में मनरेगा योजनान्तर्गत चल रहे कार्यों का बुधवार को निरीक्षण किया।

उन्होंने पंचायत समिति धौलपुर की ग्राम पंचायत बसई सामंता माईनर एवं हुसैनपुर बांध से निकलने वाली पगुली माईनर में चल रहे मनरेगा कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने कार्य का बोर्ड सही स्थान पर लगाने, कार्यों की टास्क एवं कार्य का माप समय-समय पर चौक करने के निर्देश दिए। उन्होंने बसई सामंता माईनर के किनारे पर हुए अतिक्रमण को हटाने हेतु विकास अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने चिरंजीवी स्वास्थ्य में पंजीकरण से वंचित श्रमिको का रजिस्ट्रेशन कराने हेतु निर्देश दिये।

उन्होंने मनरेगा में लगे श्रमिकों को मुख्यमंत्राी चिरंजीवी स्वास्यि बीमा योजना के बारे में बारिकी से जानकारी देते हुए कहा कि 850 रूपये में बीमा कराने पर आपको 10 लाख रूपये का ईलाज एवं दुर्घटना होने पर 5 लाख रूपये बीमा कवर के रूप में दिये जाते है इसलिए जो श्रमिक मुख्यमंत्राी चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के पंजीकरण से वंचित है वह नजदीकी ई मित्रा केन्द्र पर जाकर अपना पंजीकरण करवाये।

ग्राम विकास अधिकारी एवं कनिष्ठ सहायक को नरेगा की वर्क साइट एवं ठाम पंचायत में चिरंजीवी योजना के लाभों का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारीयों द्वारा नरेगा की साइटों पर उपलब्ध कराई गयी मेडीकल किट की जॉच करते हुए कहा कि किट के अन्दर यह देखना सुनिश्चित करें कि कोई दवा समयावधि पूर्ण होने की बाद की नही होनी चाहिए। उन्होंने विकास अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लाईन विभाग को जारी की गई मस्टरौल में पंचायत समिति द्वारा प्रशिक्षित मैट ही लगाया जाये। इस दौरान विकास अधिकारी बाड़ी रामजीत सिंह, अधिशाषी अभियन्ता नरेगा बिज्जे लाल, धौलपुर विकास अधिकारी राजकुमार सहित अन्य अधिकारी साथ रहे।

## नवागुन्तक छात्रों का अभिनन्दन

**कुम्हेर** (निस)। कृषि महाविद्यालय कुम्हेर पर कृषि स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेष लेने वाले नवागन्तुक विद्यार्थियों के लिए 12 अक्टूबर 2022 बुधवार को डॉ. आई.एम.खान निदेषक छात्र कल्याण, कर्ण नरेन्द्र कृषि विष्वविद्यालय जोबनेर की अध्यक्षता में ओरिऐंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की षुरुआत में डॉ. एन.के. बरोड ने अतिथियों का स्वागत किया, अतिथियों ने मां सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम की षुरुआत की। छात्रा आरती बैरवा, साक्षी मीना व संगीता चौधरी ने सरस्वती वंदना की। छात्रा खुषी यादव ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के सीनियर छात्रों ने नवागुन्तक छात्रों का तिलक लगाकर व रक्षा सूत्र बांधकर स्वागत किया। छात्र मनमोहन व छात्रा रुचिका ने भी विचार व्यक्त किये। डॉ. वर्शा कुमारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदयभान सिंह ने कहा कि राजस्थान के 24 जिलों के 62 विद्यार्थियों ने इस महाविद्यालय के प्रथम वर्श में प्रवेश लिया है। विद्यार्थियों के अच्छे केरियर निर्माण एवं देश व समाज के लिए भावना पैदा करने हेतु वातावरण बनाने हेतु यह महाविद्यालय कटिवद्ध है।

# कैबिनेट मंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मोबाइल दिए



200 मोबाइल वितरण करते मंत्री भजन लाल जाटव।

**वैर** । पीडब्ल्यूडी मंत्री भजन लाल जाटव ने पंचायत समिति वैर के सभागार में साधारण सभा की बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया। जहां मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को लेकर साधारण सभा की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीडब्ल्यूडी मंत्री भजन लाल जाटव ने साधारण सभा में जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की।आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मोबाइलों का वितरण किया। मंत्री जाटव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधानसभा क्षेत्र में 4 वर्षों में कराए गए विकास कार्यो पर प्रकाश डाला। लापरवाह कार्मिकों को सही तरीके से कार्य करने तथा लापरवाही बरतने पर कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी ।सीएम गहलोत ने विधायकों को इंदिरा रसोई घर पर महीने में एक बार भोजन करने के निर्देश निर्देश दिए जिस पर विधानसभा वैर के विधायक और पीडब्ल्यूडी मंत्री भजन लाल जाटव ने कस्बा वैर में बस स्टैंड पर संचालित इंदिरा रसोई घर में कार्यकर्ताओं सहित पहुंचे तथा कार्यकर्ताओं सहित भोजन किया।

## खाद्य पदार्थो के सैम्पल लिए

**भरतपुर** (निस)। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के अंतर्गत जिला कलक्टर आलोक रंजन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ लक्ष्मण सिंह के निर्देशानुसार जिले वासियों को त्यौहारी सीजन को देखते हुए शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के मद्देनजर बुधवार को शहर में विभिन्न खाद्य पदार्थ की दुकानों पर कार्यवाही की गई। जिसमें मैसर्स कृष्णा डेयरी हीरादास से दूध एवं घी के नमूने लिए गए एवं उन्हें खाद्य सुरक्षा अधिनियम की जानकारी दी गई तथा उसी के अनुरूप खाद्य पदार्थों की बिक्री करने के निर्देष प्रदान किये गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. लक्ष्मण सिंह ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देषानुसार दीपावली के त्यौहार को देखते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें आम जनता को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाना प्राथमिकता है।

खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच हेतु खाद्य प्रयोगषाला भिजवाये जा रहे है। विश्व बंधु गुप्ता खाद सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यवाही नियमित रूप से जारी रहेगी ।

## जन सुनवाई 13 को

**भरतपुर** (निस)। राज्य सरकार की त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत द्वितीय गुरूवार 13 अक्टूबर को समस्त उपखण्ड मुख्यालयों पर उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई षिविरों का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के अनुसार जिले में होने वाली उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा उपखण्ड डीग में 11 बजे एवं कामां में दोपहर 1 बजे तथा जिला कलक्टर आलोक रंजन नदबई उपखण्ड में 11 बजे मुख्यालय पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई षिविरों में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निराकरण करेंगे।

## बैठक 18 को

**भरतपुर** (निस)। संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न राजकीय विभागों की ऋण स्वीकृति एवं वितरण योजनाओं की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक 18 अक्टूबर को सांय 4 बजे संभागीय आयुक्त कार्यालय में की जायेगी।

# देवी सिंह राजावत हुए सम्मानित

**करौली** (नि.स.) । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर में भामाशाह देवीसिंह राजावत बदनपुरा द्वारा 15 लाख से अधिक राशि व्यय कर 900 वर्ग फीट का स्मार्ट कक्ष का निर्माण कराने पर राज्यस्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। जबकि 1.5 लाख रुपये का सहयोग कर आधुनिक शौचालय का निर्माण कराने वाले रिटायर्ड कर्नल कृपाल सिंह जादौन को जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर के प्रधानाचार्य एवं पीईईओ शिवचरण लाल शर्मा ने बताया कि पीईईओ परिक्षेत्र फतेहपुर के अधीन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बखतपुरा में सेवानिवृत्त आरएफएफ विष्णु चंद शर्मा पुत्र मास्टर छुट्टन लाल शर्मा निवासी चौबे पाडा करौली द्वारा 10 लाख रुपए की लागत से स्मार्ट हॉल का निर्माण कराने पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया इनके विदेश प्रवास के कारण सम्मान इनके भाई महेश चंद शर्मा ने प्राप्त किया।पीईईओ परिक्षेत्र के गांव रामपुरा के अध्यापक महावीर सिंह एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बखतपुरा के अध्यापक मुकेश सारस्वत को भामाशाह को प्रेरित करने हेतु जिला स्तरीय प्रेरक सम्मान से सम्मानित किया गया। पीईईओ परिक्षेत्र में भामाशाह के द्वारा लगभग 50 लाख रुपए का भामाशाह जन सहयोग प्राप्त कर विद्यालयों को आधुनिक दिशा दिलाने में प्रधानाचार्य शिवचरण शर्मा का महत्वपूर्ण स्थान है शिवचरण शर्मा प्रधानाचार्य की प्रेरणा से रा मा वि फतेहपुर में अब तक 25 लाख से अधिक की राशि के जन सहयोग के कार्य करवाए जा चुके हैं। अधीनस्थ विद्यालयों के अध्यापकों को प्रेरित कर विकास के कार्य जारी हैं जिससे पीईईओ परिक्षेत्र के विद्यालय भौतिक संसाधनों की दृष्टि से समृद्ध हुए हैं शिवचरण शर्मा प्रधानाचार्य के प्रयासों से स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर आधुनिक संसाधनों व सुविधाओं से युक्त बना है जहां बच्चों को आधुनिक तकनीक से शिक्षण कार्य कराया जा रहा है। राज्य सरकार की आदर्श विद्यालय व उत्कृष्ट विद्यालय योजना के प्रावधान को ग्रामपंचायत फतेहपुर के विद्यालय पूरा करते है जिन्हें पीएम योजना में चयनित कराने हेतु प्रयास कर राष्ट्रीय परिदृश्य पर लाया जाएगा। राज्य स्तरीय भामाशाह के मुख्य अतिथि डॉ. बुलाकीदास कल्ला शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार, विशिष्ट अतिथि सुभाष गर्ग तकनीकी मंत्री,राजेंद्र सिंह यादव मोटर गैराज मंत्री, अध्यक्षता पवन गोयल अतिरिक्त सचिव शिक्षा, गौरव अग्रवाल निदेशक माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षा की उपस्थिति में टैगोर स्कूल के दीप स्मृति सभा भवन में हुआ जिसमें राज्य के सभी जिलों से आए 360 भामाशाहों को सम्मानित किया गया।

## 'बिना प्रमाण ही पेंशन मिलेगी'

**भरतपुर** (निस)। पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष डोरी लाल शर्मा ने अवगत कराया है कि अब पेंशनरों को माह नवम्बर 2022 तक जीवित प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि वित्त (पेंशन) विभाग के संयुक्त शासन सचिव वेदप्रकाश गुप्ता द्वारा आदेश जारी कर राज्य के सभी पेंशनरों को 31 मार्च 2023 तक बिना जीवित प्रमाण पत्र दिये ही पेंशन मिलती रहेगी।

अतः जीवित प्रमाण पत्र देने के लिए पेंशनर अनावश्यक रूप से परेशान न हों। क्योंकि अपने आदेश में संयुक्त शासन सचिव ने अवगत कराया है कि राज्य सरकार मोबाइल एप तैयार कर रही है अतः मोबाइल ऐप तैयार होने तक या 31 मार्च तक पेंशनरों को बिना जीवित प्रमाण पत्र दिये ही पेंशनर जारी रहेगी। ऐप तैयार होने एवं 31 मार्च के बाद नये आदेशों के अनुसार ही जीवित प्रमाण पत्र देने के बारे में निर्देश प्राप्त होने पर ही नये ऐप के अनुसार जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जावेंगे।

# 'अतिवृष्टि से फसल खराबे का सौ फीसदी मुआवजा मिले'

**भरतपुर** (निस)। पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की समस्याओं के निस्तारण के प्रति गम्भीर एवं संवेदनशील है। जिले में सिंचाई माईनरों की साफ सफाई कराने के निर्देश अधीक्षण अभियंता जल संसाधन विभाग को दिये जिससे कृषकों को खेतों में हुये जलभराव की समस्या से निजात मिल सके। जनसुनवाई के दौरान संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, जिला कलक्टर आलोक रंजन, पुलिस अधीक्षक ष्याम सिंह, जिला परिशद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीनिधि बीटी, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन सुरेश कुमार यादव, नगर विकास न्यास के सचिव कमलराम मीणा सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पर्यटन मंत्री सिंह बुधवार को



पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने जनसुनवाई की।

संभागीय आयुक्त कार्यालय सभागार में आमजन की समस्याओं के समाधान के लिये आयोजित जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को निर्देषित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आमजन की वाजिब समस्याओं का समाधान अधिकारी प्राथमिक स्तर पर ही करें जिससे छोटी छोटी समस्याओं के लिये आमजन को जिला एवं मंत्री स्तर पर नहीं आना पडे। उन्होंने कहा कि उनका यह प्रयास है कि ऐसे कृशक जिनका अतिवृष्टि के कारण फसल खराबा हुआ है इनको शतप्रतिशत मुआवजा राशि आपदा प्रबंधन से दिलाई जाये साथ ही ऐसे कृषक जिनके खेतों में जल भराव होने के कारण फसल बुवाई में होने वाली देरी के कारण हुये नुकसान का भी मुआवजा राशि मिले।

# विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**वैर** (निस) । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वैर में व्यावसायिक शिक्षा योजनान्तर्गत कक्षा 7 व 8 के छात्र और छात्राओं का 5 दिवसीय वोकेशनल एजुकेशन एक्सपोजर कैंप के समापन के अन्तिम दिवस प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों की बस को सिरस जैन मन्दिर शैक्षिणक भ्रमण करने के लिए रवाना किया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने पूरे मन्दिर परिसर को देखकर स्थापत्य शैली की बारीकियों को देखा और भगवान महावीर की जीवनी से परिचय प्राप्त किया।

छात्रों के साथ वैदिक कुमार गोयल , मिथलेश सैनी आशा कुशवाह, व्यावसायिक प्रशिक्षक नीरज श्याम तिवाडी, पवन कुमार भ्रमण के लिए गए। गौरतलब है कि स्थानीय विद्यालय में कक्षा 9 से 12 में दो ट्रेड ऑटोमोबाइल और सूचना प्रौद्योगिकी संचालित हैं। जिसमें विद्यार्थियों को वोकेशनल एजुकेशन प्राप्त करने का अवसर मिलता है। जिससे विद्यार्थी आत्मनिर्भर बनने के साथ साथ विभिन्न कम्पनियों और सरकारी क्षेत्र में रोजगार कर सकता है। इसके लिए समय समय पर राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा रोजगार मेले का आयोजन करवाया जाता है। रोजगार परक वोकेशनल एजुकेशन से जोडने और जागरूकता के लिए इस 5 दिवसीय एक्सपोजर कैंप का आयोजन किया गया ।

इस दौरान विद्यार्थियों को ऑटोमोबाइल और कंप्यूटर लैब के बारे इसकी उपयोगिता और महत्व तथा रोजगार की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। बाहर से आमंत्रित विषय विशेषज्ञ अमर सिंह द्वारा कटिंग टेलरिंग की बारीकियों को सिखाया और सुनील जैन इलेक्ट्रीशियन द्वारा इलेक्ट्रिकल औजार घरेलू विद्युत कनेक्शन पंखा मरम्मत आदि के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। व्यवसायिक शिक्षा प्रभारी गोविंद सिंह धाकड़ द्वारा बताया गया कि इस कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को वोकेशनल एजुकेशन से जोडना जिससे आगे चलकर बालक अपनी रुचि अनुसार ट्रेड का चयन कर स्थानीय विद्यालय में अपनी आगे की पढ़ाई कर अपने हुनर को निखार सकें। भ्रमण के उपरांत विद्यार्थियो को अल्पाहार कराकर सकुशल घर रवाना किया गया।

## अंग्रेजी विद्यालय का लोकार्पण

**नदबई** (निस)। गांव कबई में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष जोगिन्दर अवाना ने महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी विद्यालय का लोकार्पण किया। समारोह में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने शिक्षा के क्षेत्र में बजट की कमी नही रहने का आश्वासन देते हुए ग्रामीण क्षेत्र में विद्यार्थियों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान कराने का आश्वासन दिया। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया। इससे पहले ग्राम पंचायत सरपंच रूपकुमारी विशाल व पूर्व सरपंच वेदप्रकाश सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष का माला, साफा व चांदी मुकुट पहनाकर अभिनंदन किया। ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं के बारे में बताया।समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने का आश्वासन दिया।

बाद में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यो की जानकारी देते हुए ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता से हरंभ्भव समाधान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमलसिंह मीण, प्रधानाचार्य रामसिंह, शेरसिंह कबई, महेश शर्मा सहित विभागीय अधिकारी व पंचायतीराज जनप्रतिनिधी मौजूद रहे।

# आपदा मोचन बल ने रणगंवा ताल पर मॉकड्रिल अभ्यास किया

**करौली** (नि.स.) । राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) द्वारा बुधवार को रणगंवा ताल पर बाढ से आमजन को बचाने एवं सुरक्षित निकालने का मॉकड्रिल किया गया।

इस दौरान जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने कहा कि पिछले दिनों अगस्त माह में वर्षा के दौरान एनडीआरएफ एवं सिविल डिफेंस के द्वारा मंडरायल,सपोटरा,करणपुर क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया गया।

इस तरह की मॉकड्रिल का उद्देश्य रहता है कि जवान नियमित प्रैक्टिस करते रहे और अपने उपकरणों को कार्य में लेते रहे जिससे आने वाली आपदा में इनका सही एवं समय पर उपयोग किया जा सके। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ किस प्रकार अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए बचाव कार्य करती है यह पिछले दिनों वर्षा के मौसम में प्रदेश में कई जिलों में आई आपदा के दौरान टीम द्वारा महत्वपूर्ण कार्य किया गया था।

जिले में मॉकड्रिल एनडीआरएफ 6वीं वाहिनी कमांडेंट वीवी एन प्रसन्ना



करौली के रणगमा तलाब के पानी में सिविल डिफेन्स व एनडीआरएफ के जवानों ने मॉकड्रिल किया।

कुमार के निर्देशों की पालना में एनडीआरएफ के राजस्थान प्रभारी योगेश कुमार मीना के पर्यवेक्षण एवं इंस्पेक्टर सुरेश कुमार गुर्जर के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम के साथ बाढ आने पर या बाढ जैसे हालात होने पर किये जाने वाले बचाव कार्यों का मॉक अभ्यास कर सफल प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान टीम द्वारा अपने साथ लाये गये बाढ बचाव संबंधित उपकरण जैसे वोट,डीप ड्राईविंग उपकरण,टयूब, लाइफ जैकेट आदि संसाधन सहित पानी में डूब रहे लोगों को बचाने का प्रदर्शन किया गया जिसका मौके पर उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा एनडीआरएफ की टीम द्वारा किये गये प्रदर्शन की सराहना करते हुए तालियों से स्वागत किया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम के द्वारा आपदा के दौरान प्रदेश भर में सराहनीय कार्य किये जाते हैं।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी हिण्डौन अनूप सिंह,टोडाभीम के दुर्गाप्रसाद मीणा,सपोटरा के अनूप भारद्वाज,अधीक्षण अभियंता सानिवि राजवीर सिंह, अधिषासी अभियंता सिंचाई सुशील गुप्ता,विकास अधिकारी अनीता मीना,पीआरओ धर्मेन्द्र कुमार मीणा, सिविल डिफेंस के क्षत्रपाल सिंह,फ़ायर ब्रिगेड के अधिकारी, सिविल डिफेंस होमगार्ड एवं एनडीआरएफ की 25 सदस्यीय टीम के अलावा सामान्य चिकित्सालय की मेडीकल टीम के सदस्य मौजूद रहे।

## कबाड़ी की दुकान से गल्ला पार,मामला दर्ज

**भुसावर** । कस्बा भुसावर के पहाडिया कॉलोनी सडक मार्ग स्थित विश्वकर्मा मन्दिर के पास कवाडे की दुकान पर दो बाइक सवार अज्ञात लोगों ने आकर दुकान में रखे गल्ले को उठाकर ले जाने की वारदात को अंजाम दे दिया।

जिसे लेकर पीडित महिला ने भुसावर थाना पर मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरु कर दी। आरोपियों को पकड़ने के लिए अपनी कार्रवाई शुरु कर दी।

कस्बा भुसावर स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पास कवाडे की दुकान करने वाली पीडित पूर्व पार्षद सुशीला पहाड़िया पत्नी रोशन पहाड़िया ने बताया कि वह कबाड़ की दुकान करती है।

जहां बाइक पर सवार होकर आये दो अज्ञात बदमाशो ने लोहा खरीदने के लिए कहा जब मना कर दिया तो उसके गल्ले (रूपये रखने की पेटी) को उठाकर ले गए। जिसका मामला भुसावर थाने पर दर्ज करवाया है।

पीड़िता ने बताया कि घटना दोपहर 2 बजे की है। मुझसे झगड़ने लगे और मेरे गल्ले में रखे करीब दस हजार नकदी को लेकर भाग गए।

## मांगों को लेकर धरना 14 को

**भरतपुर** (निस)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) का एक दिवसीय धरना व प्रदर्शन आगामी 14 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जिला कलक्ट्रेट भरतपुर पर आयोजित होगा। महासंघ के जिलाध्यक्ष बाबूलाल कटारा ने बताया कि महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राना के निर्देशानुसार संभाग के प्रत्येक संभाग मुख्यालय पर अपनी 15 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर प्रांत व्यापी आंदोलन के द्वितीय चरण में धरना व प्रदर्शन आयोजित कर मुख्यमंत्री के नाम संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला स्तर पर कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए महासंघ का संयोजक अशोक पाराशर, प्रभारी इंजी.जीवनलाल शर्मा, पर्यवेक्षक के रुप में रामदेव सिंह, भूदेव धाकड एवं मोहनलाल ऐंचरा को मनोनीत किया गया है। जिला मंत्री हेमंत फौजदार ने बताया कि महासंघ भरतपुर संभाग के धरने के बाद भी सरकार ने महासंघ की मांगों पर विचार नहीं किया तो संपूर्ण राजस्थान में आगे की रणनीति के तहत महासंघ द्वारा आंदोलन के तृतीय चरण के रूप में 7 नवंबर को विशाल रैली धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# लोक अदालत को लेकर एडीजे ने ली अधिकारियों की बैठक

**गंगापुर सिटी** (निस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति, गंगापुर सिटी के तत्वाधान में 12 नवम्बर 2०22 को राष्ट्र ीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्र ीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु रालसा के निर्देशानुसार 16.1०.20०22, 30०.10०.2०22, ०6.11.2०22 व ०8.11.2०22 को डोर स्टेप काउंसलिंग कैम्पों का आयोजन किया जाना है। उक्त कैम्पों की रूपरेखा तैयार करने के संबंध में प्रमोद शर्मा अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) गंगापुर सिटी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी अभिमन्यु सिंह, उपजिला कलेक्टर गंगापुर सिटी नरेन्द्र कुमार मीणा, उपजिला कलेक्टर वजीरपुर जवाहर लाल जैन, पुलिस उपाधीक्षक मुनेश कुमार, ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी०एल० मीणा, पंचायत समिति प्रतिनिधि



गंगापुर सिटी। लोक अदालत को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते एडीजे।

रामकृष्ण धाकड, नगर पालिका के प्रतिनिधि राजेश मीणा, शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बडौदा गंगापुर सिटी राजीव बैरवा उपस्थित हुए तथा बैठक में उक्त कैम्पों के अन्तर्गत प्रशासन गॉवो के व शहरो के संग अभियान की तर्ज पर स्वास्थ्य जॉच अभियान, राशन कार्ड, जन आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, भामाशाह कार्ड एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ, श्रमिकों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं का लाभ, फसल बीमा योजनाओं का लाभ, ऋण वितरण, खाता खुलवाना एवं बैंक द्वारा संचालित अन्य योजनाओं का लाभ, पात्र लोगो को मौके पर प्रदान किये जाने के संबंध में डोर स्टेप काउंसलिंग कैम्प 16.1०.2०22, 3०.1०.2०22, ०6.11.2०22 व ०8.11.2०22 को गंगापुर सिटी मुख्यालय, तलावडा मुख्यालय एवं वजीरपुर मुख्यालय पर आयोजित किया जाना निश्चित किया गया। उक्त डोर स्टेप काउंसलिंग कैम्प मेगा विधिक चेतना शिविर की भॉति आयोजित करते हुए सभी विभागो से संबंधित योजनाओं का लाभ आमजन को मौके पर ही प्रदान किये जाने हेतु संबंधित अधिकारीगण को निर्देशित किया गया।

## बिजली पोल टूटने से कार्मिक घायल

**हिण्डौन सिटी** । श्री महावीरजी में विद्युत वितरण निगम का संविदा कर्मी पोल पर कार्य करते समय पोल टूटने से नीचे गिर गया, जिससे कार्मिक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे श्री महावीरजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने कारण डॉक्टर्स ने उसे हिंडौन रैफर कर दिया है ।

राजकीय जिला अस्पताल के डॉ. डीएन शर्मा ने बताया कि श्री महावीरजी में बिजली के पोल पर आए फॉल्ट को ठीक करने के लिए खंभे पर चढ़ा शेखपुरा निवासी चिम्मन लाल (45) पुत्र गिर्राज मीणा पोल पर कार्य कर रहा था। अचानक बिजली का पोल टूटने से चिम्मनलाल जमीन पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद कर्मचारी विष्णु कुमार एवं निगम कर्मचारियों ने गंभीर रूप से घायल को राजकीय अस्पताल श्री महावीरजी में भर्ती कराया। इस दौरान अन्य लोग भी सहायता के लिए मौके पर एकत्रित हो गये। जैसे तैसे घायल को वहां से अस्पताल ले गये। लोगों ने घायल को ले जाने के लिए गाड़ी की व्यवस्था की । हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने घायल को राजकीय जिला अस्पताल हिंडौन रेफर कर दिया है।

## सार-समाचार

### अभिकर्ताओं की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

**गंगापुर सिटी** । भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ता की हडताल दूसरे दिन भी जारी रही। अभिकर्ताओं ने शाखा कार्यालय पर बुधवार को सुबह 1० बजे से शाम 5 बजे तक चार्टर मांग के समर्थन में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अभिकर्ताओं ने मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जिसमें पॉलिसी धारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए जीएसटी हटाने, पॉलिसी में बोनस बढाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया। यह विश्राम दिवस 14 अक्टूबर तक रहेगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान अध्यक्ष विष्णु सिंघल, प्रदीप सरकार, अनिल कुमार गोयल, संरक्षक सुरेश गुर्जर, साबिर हुसैन, राधेश्याम बेरवा, चौथी लाल बेरवा, विष्णु गर्ग आदि अभिकर्ता मौजूद थे।

### जन सहायता काउन्टर शुरु

**भरतपुर,** । प्रादेशिक परिवहन एवं सडक सुरक्षा अधिकारी कार्यालय में जन सहायता काउन्टर का बुधवार को प्रादेषिक परिवहन अधिकारी सतीष कुमार ने षुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीष कुमार ने बताया कि आमजन की सुविधा के लिये एकल खिडकी संख्या-15 पर जन सहायता काउन्टर का संचालन किया जायेगा जिसके प्रभारी अधिकारी परिवहन निरीक्षक मनोज इन्दोलिया रहेंगे। इस जन सहायता काउन्टर पर वाहनों के कार्यो से संबंधित समस्त प्रकार की जानकारी एवं आवेदन निषुल्क उपलब्ध कराये जायेंगे।

### ‘फरियादी को राहत दे’

**भरतपुर,** । जिला कलक्टर आलोक रंजन ने संवेदनषीलता एवं सहृदयता का परिचय देते हुये मोरोली कलां निवासी जवाहर सिंह अपनी परिवेदना लेकर जिला कलेक्ट्रेट पहुँचने पर उन्होंने अपनी व्यथा जिला कलक्टर के समक्ष रखी तो उन्होंने तत्काल जवाहर सिंह को साथ लेकर मोरोली गॉव स्थित निवास पर मौका मुआयना करने पहुॅचे।

# समय पर भुगतान करने वालों को मिल सकता है उपहार

- बीईएसएल की उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित के लिए नई योजना
- यह योजना 31 दिसम्बर तक प्रभावी रहेगी।

**भरतपुर** (निस)। अगर आप अपने बिजली का बिल जमा करने की निर्धारित तिथि से पहले भुगतान करते है तो आप उपहार जीत सकते है। यह मौका शहर में बिजली आपूर्ति कर रही भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड (बीईएसएल) उपभोक्ताओं को देने जा रही है। प्रथम चरण में यह स्कीम अक्टूबर से दिसम्बर दौरान प्रभावी रहेगी। बीईएसएल के सीओओ आकाश सक्सेना ने बताया कि हर महीने समय पर बिजली का बिल भुगतान करने के लिए उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कम्पनी ने यह स्कीम लागू की है।

इसमें प्रथम उपहार के रूप में एक उपभोक्ता को स्मार्ट फोन, दूसरे उपहार के रूप में में पांच उपभोक्ताओं को मिक्सर ग्राइंडर या डिनर सेट दिया जाएगा। तृतीय पुरस्कार में 25 उपभोक्ताओं को एक हजार रुपए के ग्रोसरी कूपन दिए जाएंगे। यह योजना एक अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक प्रभावी रहेगी। इन तीनों महीनों के दौरान बिजली बिलों का पूर्ण भुगतान करने वाले उपभोक्ता इस योजना में शामिल किए जाएंगे। लकी उपभोक्ताओं के लिए अगले साल जनवरी के प्रथम सप्ताह में लक्की ड्रा निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं के लिए एक विशेष इनाम रखा गया है।

## करौली जिला स्पेशल टीम निरस्त

**करौली** (नि.स.) करौली जिला पुलिस अधीक्षक ने गठित जिला स्पेशल टीम को लाइन हाजिर कर दिया है।

जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोंगस ने बताया कि महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर के स्थाई आदेश एवं 18 दिसंबर 2019 की पालना में जिला करौली में संगठित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए स्पेशल टीम का गठन किया गया था ।

उक्त गठित दल को तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाकर संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को अपनी उपस्थिति अभिलंब पुलिस लाइन करौली में दिया जाना सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने बताया कि स्पेशल टीम के सब उपनिरीक्षक मनीष कुमार, हैड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह,संदीप सिंह,कांस्टेबल सुखबीर, मोहन सिंह,तेजबीर,विक्रम, संकेत तवर,रन्नो सिंह, कांस्टेबल चालक हरि सिंह, अभय राज को पुलिस लाइन भेज दिया है।

# 21 सूत्री मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों का प्रदर्शन

**हिण्डौन सिटी** । रोडवेज बचाओ, रोजगार बचाओ नारे के साथ 21 सूत्री मांगो को लेकर रोडवेज के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने आगामी 24 नवम्बर को एक दिन की प्रदेशव्यापी हडताल तक के नौ चरणों के व्यापक आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया ।

इस दौरान पूरण शर्मा ने जनकारी देते हुए बताया है कि राज्य में एक के बाद एक आती रही राज्य सरकारों की रोडवेज के प्रति निरंतर उपेक्षा की नीति एवं रोडवेज में अधिकारियों के भ्रष्टाचार को मिलते रहे उच्चस्तरीय संरक्षण तथा विभिन्न स्तरों पर रहते आये आन्तरिक कुप्रबन्धन के चलते जन सेवाभावी रोडवेज उद्योग एवं इसके कर्मचारियों पर भारी आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इस स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार को रोडवेज के राजस्व में गुणात्मक बढोतरी के ठोस उपाय करते हुए रोडवेज को प्रतिमाह होने वाले घाटे के बराबर प्रत्येक माह के अन्तिम कार्यदिवस से पूर्व आर्थिक अनुदान देने का तुरन्त निर्णय करना चाहिए। सम्मेलन में एक सुर में पुरजोर तरीके से वेतन पेंशन एक महिने के सेवानिवृति परिलाभ का डर महिने के पहले कार्य दिवस को भुगतान करने की स्थाई व्यवस्था करने, रोडवेज के बस स्टैण्डों को राजस्थान राज्य बस अड्डा विकास प्राधिकरण के अधीन नहीं करने, पूर्व में अराष्ट्रीयकृत किये गये मार्गो को राष्ट्रीयकृत करने दो हजार नई बसें खरीदने, दस हजार रिक्त पदों पर नई भर्ती करने, सेवानिवृत कर्मचारियों के सभी प्रकार के अन्य बकाया भुगतान करने आदि 21 सूत्री मांगों को समय रहते स्वीकार करने की माँग की । प्रदर्शन सभा को राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों के घटक संगठनों यथा राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्पलाईज यूनियन (एटक) के शाखा सचिव सत्यवीर डागर आदि कई नेताओं ने सम्बोधित किया।

## दो दुकानों में चोरी की

**मासलपुर** (नि.स.) मासलपुर कस्बे में बीती रात अज्ञात समाज कंटको ने दो दुकानों के शटर तोड़कर दुकान से नकदी व सामान पर हाथ साफ किया जिससे कस्बे के व्यापारियों में रोष व्याप्त है।

घटना के पीड़ित दुकानदार मनोज गर्ग तथा अरबाज खान ने बताया कि आए दिन की भांति श्याम को दुकान बंद कर घर को गए थे रात को पीछे से अज्ञात समाज कंटको ने दुकानों की शटर तोड़कर दुकानों से नकदी व सामान सहित लाखों रुपयों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

घटना की सूचना पर मासलपुर पुलिस थाना अधिकारी परसोत्तम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे घटना का मौका मुआयना किया उधर घटना पर लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई तथा कस्बा बाजार में जाकर घटना पर रोष प्रकट किया थाना अधिकारी ने लोगों के बीच पहुंच चोरी का जल्द से जल्द खुलासा किए जाने का आस्वासन देकर लोगों को शांत किया।

# डकैती डालने के 3 आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर** (निस)। चिकसाना थाना पुलिस ने डकैती डालने के मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर विधि से विरूद्ध संघर्शरत एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया है।

चिकसाना थाना पुलिस को पुलिस कन्ट्रोल रूम भरतपुर से सूचना मिली कि श्यामवीर ठेकेदार कच्चा बाग के घर में चोर घुस गये हैं। इस सूचना पर श्यामवीर ठेकेदार के मकान पर पुलिस जाप्ता पहुंचा तो मकान पर काफी भीड-भाड हो रही थी तथा चार लोगों को एक कमरे में बैंठा रखा था। श्यामवीर ठेकेदार ने बताया कि उक्त चारों लोग मेरे घर में चोरी करने के उद्देश्य से घुसे थे। मैनें, परिजन व ग्रामवासियों ने सभी चारों को पकडा। जिनके भागने पर चोटें भी आई हुई हैं। चोरी करने आये व्यक्तियों से नाम-पता पूछा तो उन्होंने अपना-अपना नाम प्रदीप पुत्र खेमचन्द उम्र 22 साल जाति माली निवासी धौलागढ पलवल हरियाणा, मौनू पुत्र रामकिशोर उम्र 19 साल जाति माली निवासी रायपुर सोना थाना सोना जिला गुडगॉव हरियाणा, कर्मवीरसिंह पुत्र विजेन्द्र उम्र 19 साल जाति अहेरिया निवासी वादलगढ थाना हापुड जिला हापुड यूपी व एक विधि से विरूद्ध संघर्षरत बालक होना तथा अन्य 4 साथियों को मौके से भाग जाना बताया। जिनके चोट होने पर आरबीएम हॉस्पीटल में इलाज कराकर थाना चिकसाना पर पूछताछ के लिए लाया गया। घटना के सम्बन्ध में श्यामवीर पुत्र प्रेमसिंह जाति जाट उम्र 54 साल निवासी कच्चा बाग थाना चिकसाना ने एक रिपोर्ट पेष की। पुलिस द्वारा पूछताछ के बाद आरोपी प्रदीप हरियाणा, मौनू गुडगॉव हरियाणा, कर्मवीर सिंह जिला हापुड यूपी को गिरफ्तार कर एक बालअपचारी को संरक्षण में लिया तथा थानाधिकारी चिकसाना के नेतृत्व में टीमें गठित कर अन्य फरार चार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तलाश जारी है।

## कला उत्सव 14 को

**भरतपुर** (निस)। समग्र शिक्षा भरतपुर की ओर से राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बालक-बालिकाओं की कलाओं को एक समन्वित मंच उपलब्ध करवाने के लिये जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन बीएस पब्लिक स्कूल सेवर में 14 अक्टूबर को किया जा रहा है, जिसमें भारतीय परम्परागत कलाऐं तथा आधुनिक कला के आयाम शामिल किये गये हैं। इस प्रतियोगिता में संगीत गायन-शास्त्रीय संगीत, संगीत गायन-पारंपरिक लोकगीत, वादन-शास्त्रीय संगीत, संगीत वादन - पारंपरिक लोकगीत, नृत्य शास्त्रीय नृत्य, नृत्य-लोक नृत्य, दृश्य कला-द्वि आयामी, दृश्य कला-त्रि आयामी, स्थानीय खेल-खिलौने, नाटक एकल अभिनय आदि विधाओं की प्रतियोगिताऐं छात्र-छात्रा वर्ग में पृथक-पृथक होंगी तथा जिले पर विजेता प्रथम को 551, द्वितीय को 351, तृतीय को 251 रूपये तथा मेडल/ट्रॉफी से सम्मानित किया जायेगा और विजेता विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। इसके लिए राजकीय विद्यालयों में विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताऐं 8 अक्टूबर से होगी।

# अपनी मांगों को लेकर श्रमिक संगठनों ने प्रदर्शन किया



रोडवेज कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों (एटक, सीटू, इंटक, एसोसिएशन, कल्याण समिति) के संयुक्त मोर्चे के आह्वान पर रोडवेज बचाओ-रोजगार बचाओ नारे के साथ वेतन व पेंशन व एक माह के सेवानिवृति परिलाभ के हर माह के पहले कार्य दिवस को आवश्यक रूप से भुगतान की स्थाई व्यवस्था करने और रोडवेज को राज्य सरकार में समाहित करने सहित 21 सूत्री मांगों के लिये 24 नवम्बर 2022 को एक दिन की प्रदेशव्यापी हड़ताल तक के नौ चरणों के व्यापक आंदोलन के तीसरे चरण में 12 अक्टूबर एवं 13 अक्टूबर को पहले दिन का प्रदर्शन केंद्रीय बस स्टेण्ड पर किया गया।

प्रदर्शन संयुक्त मोर्चा के संयोजक राजेन्द्रसिंह सोलंकी के नेतृत्व में किया गया। आज के प्रदर्शन में रिटा. एसोसिएशन के हरिचरन दुवे, राधेश्याम वर्मा, एटक के करतार सिंह, अनूप सिंह, कप्तानसिंह सीटू के अरविन्द, लाखन सिंह, कल्याण समिति के बाबूलाल चाहर, शिवकुमार गुप्ता आदि ने प्रदर्शन को संबोधित किया। प्रदर्शन के मौके पर सैकडो संयुक्त मोर्चा के साथी उपस्थित रहे। जिसमें सुमरन सिंह, मुख्तायार सिंह, नवलसिंह, रूपेंद्र, प्रिंस, फतेह सिंह, पिंकी, महावीर, रजनी कक्कड़, चांदनी, शीतल, कृष्णा आदि मौजूद रहे।

## घी एवं दूध के लिए नमूने लिए

**भरतपुर** (निस)। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देषन में जिलेवासियों को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने एवं त्यौहारी सीजन को मध्यनजर रखते हुए शुद्ध बुधवार को शहर में विभिन्न खाद्य पदार्थ की दुकानों पर कार्यवाही कर खाद्य नमूने लिये गये।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. लक्ष्मण सिंह ने बताया कि हीरादास स्थित मैसर्स कृष्णा डेयरी से दूध एवं घी के नमूने लिए गए एवं उन्हें खाद्य सुरक्षा अधिनियम की जानकारी दी गई तथा उसी के अनुरूप खाद्य पदार्थों की बिक्री करने के निर्देश प्रदान किये गए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निर्देषानुसार दीपावली के त्यौहार को देखते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें आम जनता को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाना प्राथमिकता है।

जिसके तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में टीम बनाकर कार्यवाही की जा रही है एवं खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भिजवाये जा रहे है।

# डांडिया महोत्सव में छात्राओं ने समां बांधा

- समारोह में गुजराती डांस की भी प्रस्तुति हुई

**करौली** (नि.स.) भारत विकास परिषद एवं रांक स्टार स्कूल आंफ डांस के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय करौली इन मैरिज गार्डन के सभागार में गरबा एवं डांडिया महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व नगर परिषद सभापति कमलेश कुमारी व विशिष्ट अतिथि के रूप में जुगल किशोर चतुर्वेदी, श्याम चतुर्वेदी व प्रकाश जत्ती मंचासीन थे कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष नगेन्द्र शर्मा ने की वही समारोह की संयोजक बिनीता बंसल व सहसंयोजक अनीता गुप्ता मंचासीन थी ।

परिषद के मीडिया प्रभारी गोविन्द व्यास ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य आचार्य पंडित प्रकाश जत्ती ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माँ दुर्गा की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन व सामुहिक वंदेमातरम गायन के साथ हुआ इस अवसर पर नन्हें- नन्हे कलाकारों द्वारा मनमोहक जीवंत गणेश वंदना की निर्णायक मंडल में गुजरात से आए देने मोदी व पंकज सिकरवार ने गरवा एवं डांस कम्पीटीशन,गुजराती वेशभूषा कम्पीटीशन में शिवानी गर्ग को विजेता घोषित किया गया। वही महिला वर्ग में ममत बंसल विजेता रही सामूहिक गरबा डांस प्रतियोगिता में राशु मित्तल विजेता रही विजेताओं को एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र मनेमा द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र दिये देर रात तक चले ।

इस उत्सव में रंग विरंगे परिधानों में पहुंची छात्राओं,महिलाओं एवं कपल जोडों द्वारा माता रानी के भजनों पर गुजराती डांस में समा बांधा । इस दौरान अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला कार्यक्रम में परिषद के विनोद गोयल, हरनाथ सिंह, गणेश प्रजापति, रिद्धि बंसल,जितेंद्र सिंहल, मदनमोहन,सुनील गुप्ता, चेतराम मीना, चंद्रेश, आशीष, कृष्णकांत सहित प्रमुख जन उपस्थित रहे मंच संचालन परिषद के प्रदेश आईटी प्रभारी योगेन्द्र सिंहल ने किया।

## एसपी धर्मेंद्र सिंह सम्मानित

**धौलपुर** । पुलिस मुख्यालय जयपुर में बुधवार को राजस्थान पुलिस के महानिदेशक मोहन लाल लाठर ने राजस्थान पुलिस अलंकरण समारोह में सराहनीय कार्य करने वाले काबिल पुलिस अफसरों को सम्मानित किया गया। जिसमें धौलपुर एसपी धर्मेन्द्र सिंह को उत्कृष्ट सेवा के लिए डिस्क अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा समारोह में धौलपुर के कई पूर्व एसपी को भी डीजीपी डिस्क अवार्ड से सम्मानित किया गया।

धौलपुर एसपी धर्मेंद्र सिंह को यह सम्मान जोधपुर में डीसीपी ईस्ट रहते हुए किए गए सराहनीय कार्यों के लिए मिला है। जिसमें धर्मेंद्र सिंह ने दो खूंखार इनामी बदमाशों का एनकाउंटर किया था। इसके अलावा सीवरेज में किसी अज्ञात व्यक्ति की लाश का एक कटा हुआ हाथ और एक पैर मिला था। इस मामले का खुलासा करना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती था। लेकिन तत्कालीन जोधपुर डीसीपी धर्मेंद्र सिंह ने इस मामले का खुलासा करते हुए मर्डर का पर्दाफाश किया था। इसके अलावा जोधपुर की कुख्यात गैंग 007 के एक अपराधी के पैर में गोली मारकर उसे गिरफ्तार किया था।

## पोस्टर का किया विमोचन

**भरतपुर** (निस)। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउण्डेशन एवं दिशा फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में भरतपुर जिले के सेवर, कुम्हेर, नदबई, बयाना, रूपवास और वैर तहसीलों के 50 गांवो में बाल विवाह की रोकथाम एवं जनजागरूकता हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय समन्वय बैठक अतिरिक्त जिला कलैक्टर प्रषासन सुरेश कुमार यादव की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। ख्यातनाम एवं नॉबेल पुरूस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी के आव्हान पर पूरे देश में बाल विवाह मुक्त अभियान की 16 अक्टूबर से राजस्थान के दस जिलों के साथ-साथ भरतपुर, धौलपुर जिले में भी महा अभियान का आगाज किया जायेगा। इसी संदर्भ में भरतपुर जिला प्रशासन, जिला विद्यिक सेवा प्राधिकरण, बाल कल्याण समिति एवं पुलिस विभाग के मार्गदर्शन में दिशा फाउण्डेशन के द्वारा 16 अक्टूबर तक बाल विवाह विरूद्ध जनजागरूकता अभियान चलाकर रैली का आयोजन किया जायेगा। जिले में कार्यरत साथिन को रैली में भागीदारी निभाने के लिए निर्देशित किया।

# ‘कांग्रेस पार्टी की रीति नीति लोगों तक पहुंचाएं’

**करौली** (नि.स.) जिला कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया विभाग की बैठक करौली जिला मुख्यालय पर विनायक रिसोर्ट मैरिज गार्डन में आयोजित की गई

बैठक के मुख्य अतिथि आईटी सैल के प्रदेश कॉर्डिनेटर विक्रम स्वामी रहे अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पुष्पेन्द्र मीना ने की बैठक को संबोधित करते हुए विक्रम स्वामी ने कहा कि आज का युग सोशल मीडिया का युग है ।

अपनी बात आमजन तक पहुंचाने के लिए इसका उपयोग सभी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता करें और कांग्रेस पार्टी की रीति नीति लोगों तक पहुंचाएं । उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं आप सब इस यात्रा के प्रोग्राम को लोगों तक पहुंचाने का काम करें एवं राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार द्वारा आमजन के हित के लिए चिरंजीवी योजना के द्वारा प्रत्येक परिवार को दस लाख रुपये तक इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने,50 यूनिट तक बिजली के दामों में राहत सहित सभी फ्लैग शिप योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने का काम करने का सभी को आव्हान किया। उन्होंने कहा कि जल्दी ही सोशल मीडिया जिला कार्यकारणी,विधान सभा, ब्लॉक सहित ग्राम पंचायतों तक सोशल मीडिया टीम के गठन करने की घोषणा शीघ्र ही करने की घोषणा की जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक राजस्थान सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक ले जाया जाए करौली पहुँचने पर प्रदेश कॉर्डिनेटर विक्रम स्वामी का जिला कांग्रेस पार्टी की ओर से साफा माला पहनाकर स्वागत किया गया बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता कन्हैया लाल शर्मा,ऊधो सिंह एडवोकेट,अबरार काजी ने भी विस्तार से बताया बैठक का संचालन लज्जा राम वर्मा ने किया बैठक समाप्त होने के बाद सभी कार्यकर्ताओं ने करौली शहर के मुख्य मार्गों पर भारत जोड़ो यात्रा निकाल कर नफरत छोड़ो भारत जोड़ो का सन्देश दिया बैठक में जय लाल माली, पार्षद मजीद खान, पूर्व पार्षद रिजवान खान, चैन सिंह लीलोटी,लवकुश कोटरी, राजेश मीना, समय राज मीना सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जल भराव से परेशानी

**भरतपुर** (निस)। जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य दीपक मुद्गल ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर बताया कि जवाहर नगर के सामने खादी कॉलोनी में मेरा निवास है और घर के चारों तरफ पानी ही पानी भरा है। बरसात के बाद आज तक किसी ने कोई सुध नहीं ली है।

शहर में सभी जगह पंप लग रहे हैं परंतु खादी कॉलोनी में आज तक एक भी पंप नहीं लगाया गया है। आज तक किसी भी अधिकारी ने कोई सुध नहीं ली है। पूर्व में आपको कॉलोनी निवासियों ने आप को ज्ञापन भी दे दिया अवगत भी करा दिया परंतु आज तक कोई आपका अधिकारी नही पहुंचा है।

यहां तक है कि खादी कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने कल सीएम हैल्प डेस्क पर राशन की मांग की है जब आपका नुमाइंदा पहुंचा है परंतु पानी कि फिर भी नही सोचा है।

इसलिए आपसे निवेदन है कि आप शीघ्र से शीघ्र ही आप पंप सेट लगवाए जाए। जिससे खादी कॉलोनी वासियों को राहत मिल सके। इस समय कॉलोनी के लोग पूरी तरह हताश हो गए। इस पानी से महामारी फैलने की आशंका है।

# हाजी रुखसार अहमद का स्वागत किया



हाजी रुखसार अहमद को क्षेत्रीय योजना कमिशन में राजस्थान सरकार द्वारा सदस्य बनाने पर लोगों ने स्वागत किया।

**करौली** (नि.स.) । अल्पसंख्यक विकास समिति के जावेद बेग ने बताया कि हाजी रुखसार अहमद को राज्य स्तरीय सदस्य सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ वॉलंटरी सेक्टर प्लैनिंग कमिशन में राजस्थान सरकार द्वारा सदस्य बनाने पर लोगों ने गर्मजोशी के साथ फूल मालाओं से स्वागत किया और खुशी जाहिर की। करौली नगर परिषद सभापति रसीदा खातून के निवास पर अल्पसंख्यक समाज के प्रमुख लोगो व धर्म गुरूओ ने करौली निवासी भामाशाह व राज्य स्तरीय सदस्य हॉजी रूखसार अहमद का माला साफा पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि अल्पसंख्यक प्रतिनिधित्व एवं करौली का प्रतिनिधित्व राज्य स्तर पर राजस्थान सरकार द्वारा किया गया है । सभी ने हाजी रुखसार अहमद को मुबारकबाद पेश की इस कार्यक्रम में सभापति प्रतिनिधी अमीनुद्दीन खॉन, जिला बाल कल्याण समिति करौली के सदस्य सैयद फजले अहमद सहित मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगो व धर्म गुरूओ ने स्वातगत करते हुये हॉजी रूखसार को बधाई दी।

## वार्ड समस्याएं निबटाने की मांग

**भरतपुर** (निस)। वार्ड पार्शद 17 के प्रतिनिधि सुंदर सिंह ने वार्ड की समस्याओं का समाधान जिला कलेक्टर से कराने की मांग की है। इस मोके पर प्रतिनिधि सुंदर सिंह ने बताया कि उनके नेतृत्व में 10 अक्टूबर 2022 को वार्ड 17 की पानी भराव से पीडित जनता का प्रतिनिधिमंण्डल जिला कलेक्टर से मिला था।

पूर्व में पानी निकासी एवं नाली निर्माण को लेकर जिला कलेक्टर ने यूआईटी सचिव कमलराम मीणा को अविलम्ब कार्यवाही के निर्देष दिए थे। लेकिन पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नाली बनाकर जहां से होनी थी वहां रसूखदारों के दबाव से वहां से नहीं करवाई गई। जहां दूसरी जगह से कराई गई है वह ऊपर का पानी निकालेगी घरों में पानी भरा रहेगा।

इसलिए गत वर्ष जहां से पानी निकालने के लिए नाली बनाई जानी थी वहीं बननी चाहिए। इसी प्रकार हीरादास कुण्डा से जो नाला निकल रहा है वह बेडिया बस्ती के पास से टूट रहा है। इस बंद कराने का आग्रह किया गया था परन्तु बंद नहीं हुआ। जिला कलेक्टर से इस समस्या का तुरन्त समाधान की मांग की है। जिससे लोगों को समस्याओं से निजात मिल सके।

